आय बढ़ी 85 लाख श्रद्धालुओं ने किए महाकाल के दर्शन

उज्जैन के महाकाल मंदिर की आय 27 करोड़



उज्जैन, 17 अगस्त। श्रावण मास में उज्जैन के श्री महाकालेश्वर मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ और दान की बरसात दोनों देखने को मिली. 11 जुलाई से 9 अगस्त तक चले श्रावण मास में मंदिर की आय 27 करोड़ रुपए तक पहुंच गई, जबकि इस अवधि में 85 लाख से अधिक भक्तों ने भगवान महाकाल के दर्शन किए.

मंदिर प्रशासक प्रथम कौशिक के अनुसार, सावन भगवान शिव का प्रिय महीना है, इसीलिए देश-विदेश से बड़ी संख्या में श्रद्धालु उज्जैन पहुंचे. मंदिर प्रशासक ने बताया कि आय में सबसे बड़ा हिस्सा लड्डू प्रसाद बिक्री, शीघ्र दर्शन टिकट और अन्य स्रोतों से आया, जिससे 22 करोड़ रुपए प्राप्त हुए. इसके अलावा करीब 5 करोड़ रुपए दानपेटी, ऑनलाइन भुगतान और चेक से मिले. महाकाल लोक के निर्माण के बाद से मंदिर की आय और श्रद्धालुओं की संख्या लगातार बढ़ रही है. वर्ष 2025-26 के सावन मास में ही मंदिर को 22 करोड़ रुपए से अधिक का दान प्राप्त हुआ. मंदिर को प्राप्त होने वाली दानराशि से कई धार्मिक और सामाजिक प्रकल्प संचालित किए जाते हैं. इसमें धर्मशालाओं और अन्नक्षेत्र का संचालन, महाकालेश्वर वैदिक शोध संस्था, गौशाला का रखरखाव और सांस्कृतिक कार्यक्रम शामिल हैं. साथ ही मंदिर की सुरक्षा और विस्तारीकरण कार्यों में भी इस राशि का बड़ा हिस्सा खर्च किया जा रहा है, जिससे आने वाले समय में श्रद्धालुओं को और बेहतर सुविधाएं मिल सकेंगी।

> महाकाल लोक का उद्घाटन धार्मिक पर्यटन के लिए वरदान साबित हुआ है. वर्ष 2023 में जहां 5.28 करोड़ श्रद्धालु उज्जैन पहुंचे थे, वहीं 2024 में यह संख्या 39% बढ़कर 7.32 करोड़ तक पहुंच गई. पिछले दो वर्षों में कुल 12 करोड़ 32 लाख से अधिक श्रद्धालु भगवान महाकाल के दर्शन कर चुके हैं. श्रावण मास के दौरान नागपंचमी जैसे पर्वों पर भक्तों की भीड़ ने रिकॉर्ड तोड़ दिया.

रानी अवंती बाई लोधी की जयंती मनाई

पनागर, नवभारत। लोधी क्षत्रिय समाज पनागर द्वारा आज राजेंद्र कुमार लोधी (बाबू) के निवास स्थान पर वीरांगना रानी अवन्ति बाई लोधी की 194वीं जन्म जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई।

कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री रम्मू लाल लोधी ने की। इस अवसर पर समाज के अनेक वरिष्ठजन उपस्थित रहे जिनमें प्रमुख रूप से प्रहलाद पटेल, रामचरण लोधी, बाल किशन पटेल, राजकुमार वर्मा, तुलसीराम लोधी, वीरेंद्र लोधी, वीरू पटेल, संतोष वर्मा, राजेंद्र लोधी, शैलेन्द्र वर्मा, मनीष ठाकुर, श्याम किशोर पटेल एवं शांति लाल लोधी शामिल रहे। सभी ने रानी अवन्ति बाई लोधी के साहस, बलिदान एवं समाज सुधार में उनके योगदान को स्मरण किया तथा उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया।

नेशनल साइबर शील्ड हेकेथन 11 सितम्बर से

▸ रजिस्ट्रेशन कराने की अंतिम तिथि है 22 अगस्त

जबलपुर। मध्य प्रदेश पुलिस द्वारा साइबर इन्वेस्टीगेशन एंड इंटेलिजेंस समिट का आयोजन भोपाल में किया जाना है, जिसमें नेशनल साइबर शील्ड हेकेथन 2025 प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया है। जिसके लिए प्रॉब्लम स्टेटमेंट दिए गये है जिनके सॉलूशन प्रतिभागियों को प्रेजेंट करना हैं। हैकेथॉन प्रतियोगिता मे मुख्य प्राब्लम -ऑल लाईन प्लेटफार्म पर अवैध रूप से नशे के कारोबार को रोकना, ईमेल पर बम आदि की झूठी धमकी ट्रेस करना, इंटर नेट प्रोटोकॉल, डाटा रिकार्ड को ट्रेस करना, डिजिटल माध्यम से मनी लौंड्रिग रोकना, फर्जी बैंकिंग, एपीआर पर पाबंदी, बैंक के रियल टाईम फ्राड ट्रांजैक्शन डिटेक्ट करना तथा सोशल मीडिया पर अन्य सायबर चुनौतियो के समाधान खोजना है। नेशनल साइबर शील्ड हैकथॉन 2025 में भाग लेने हेतु रजिस्ट्रेशन कराने की अंतिम तिथि 22 अगस्त हैं। जबलपुर इंजीनियरिंग कालेज में 11 सितम्बर 2025 को प्रतियोगिता आयोजित की जायेगी। किसी भी राज्य अथवा किसी भी जिले का कोई भी अम्यार्थी उक्त प्रतियोगिता में भाग ले सकता है।रजिस्ट्रेशन कराने उपरांत दिये गये प्राब्लम्स के सामाधान का प्रजेन्टेशन 11 सितंबर 2025 को जबलपुर इंजीनियरिंग कॉलेज में होगा। प्रतियोगियों द्वारा दिये गये सौल्यूशन मे बैस्ट सौल्यूशन देने वाले प्रतियोगी/टीम का चयन किया जायेगा। उल्लेखनीय है कि पुलिस अधीक्षक कार्यालय में पुलिस अधीक्षक जबलपुर सम्पत उपाध्याय द्वारा राष्ट्रीय हैकेथॉन प्रतियोगिता के लिए जबलपुर इंजीनियरिंग कॉलेज की टीम के लिये प्रिंसिपल जे.ई.सी. डॉ. राजीव चाण्डक तथा एच.ओ.डी/इवेंट क्राडिनेटर डॉ. श्रीमति आज्ञा मिश्रा की उपस्थिति में पोस्टर लांच किया गया था।

शैफाली ने किया शूटिंग प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन

जबलपुर। पश्चिम मध्य रेलवे जबलपुर मंडल में मुख्य टिकट निरीक्षक के पद पर कार्यरत श्रीमति शेफाली सिंह द्वारा मध्य प्रदेश राज्यस्तरीय एयर वेपन गन फॉर ग्लोरी शूटिंग (महिला) प्रतियोगिता में (एस-53) 10मी पिस्टल एकल में 400 प्वाइंट में से 350 प्वाइंट मिलने पर प्रतियोगिता में 09 वॉ स्थान प्राप्त किया एवं प्री-नेशनल में क्वॉलिफाई किया है। शैफाली सिंह वालीबॉल की भी राष्ट्रीय खिलाड़ी है एवं पश्चिम मध्य रेलवे जबलपुर में खेलकोटे से भर्ती हुयी है। शैफाली सिंह के पति कमल सिंह भी बास्केटबॉल के अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी रहे है। वर्तमान में रेलवे के लिए खेल रहे है।

शैफाली सिंह की इस स्वर्णिम उपलब्धि पर पश्चिम मध्य रेल की महाप्रबंधक शोभना बंदोपाध्याय, कुशाल सिंह, अध्यक्ष पमरे खेलकूद संघ, महासचिव जी. पी. शिव नारायण, श्री कमल कुमार तलरेजा, मंडल रेल प्रबंधक, आनंद कुमार, अपर मंडल रेल प्रबंधक, डॉ मधुर वर्मा, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, शंशाक गुप्ता, गुरनार सिंह, आरिफ अली, पुष्पा द्विवेदी, हसन अली, नवीन तोमर, असद खान, असलम अली, रेल कर्मचारियों एवं समस्त खेल प्रेमियों ने हार्दिक बधाईयॉ व भविष्य हेतु शुभकामनाएं दी गई है।

ट्रैफिक जागरूकता के लिए निकाली रैली

जबलपुर। स्टेट इंस्टिट्यूट ऑफ़ होटल मैनेजमेंट, जबलपुर द्वारा हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत रैली ट्रैफिक जागरूकता का आयोजन और विद्यार्थियों द्वारा रैली निकाली गई। साथ ही विद्यार्थियों के लिए ट्रैफिक जागरूकता का आयोजन किया गया7। कार्यक्रम में विजेता भविष्य सोनोने बी.एस.सी के विद्यार्थियों को गिफ्ट प्रदान किया गया। उक्त कार्यक्रम संस्था के प्राचार्य दविंदर पाल सिंह सोढ़ी के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ।

रीजन और जोन स्टाफ मीट का आयोजन

जबलपुर। लायंस क्लब इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3233 सी की रीजन -9 की रीजन और जोन स्टाफ मीट का आयोजन सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पीएमजेएफ लायन राजीव अग्रवाल पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर ,विशिष्ट अतिथि एमजेएफ लायन नरेन्द्र जैन पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर थे मुख्य वक्ता एमजेएफ लायन अनिल अग्रवाल भिलाई,एमजेएफ लायन भरत अग्रहरि,एमजेएफ लायन अविनाश अग्रवाल परासिया उपस्थित थे। रीजन चैयरपर्सन लायन श्रध्दा साहू के द्वारा स्वागत उद्बोधन दिया गया रीजन-9 के अन्तर्गत आने वाले तीनो

जोन चेयरपर्सन लायन नीलम खरे, लायन अंकिता जैन,लायन आशा यादव ने अपने जोन के सभी क्लबों के द्वारा की गई गतिविधियों की समीक्षा की। लायन अनिल अग्रवाल ने नये क्लब खोलने की प्रक्रिया बताई लायन भरत अग्रहरि ने ज्यादा से ज्यादा हंगर एक्टिविटीज करने के लिए कहा लायन अविनाश अग्रवाल ने सेवा गतिविधियों की लायन पोर्टल पर रिपोर्टिंग कैसे करें यह समझाया ,मुख्य अतिथि ने क्लब द्वारा किये जा रही सेवा गतिविधियों की सराहना की। रीजन एडवाइजर लायन उमेश जैन और लायन यशवंत सेंगर यूथ एक्सचेंज की गरिमामयी उपस्थित थी। रीजन सचिव लायन डॉ. संध्या जैन, लायंस क्लब जबलपुर अध्यक्ष लायन मनीषा सोनी, जाबालि अध्यक्ष लायन सुनीता अग्रवाल, श्रद्धा अध्यक्ष लायन ज्योति तिवारी, उदय अध्यक्ष लायन शिवकुमारी, सिटी अध्यक्ष लायन चंचल बाजपेयी तथा लायंस क्लब गाडरवारा शांकरी से लायन मधुमति चौहान की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। पीडीजी लायन राजीव अग्रवाल द्वारा लायन संबंधित प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम किया गया एमजेएफ लायन नरेन्द्र जैन ने सेवा विस्तार और स्थायी प्रोजेक्ट पर कार्य करने का आह्वान किया।

हिन्दू सेवा परिषद की अगुवाई में निकला मशाल जुलूस

जबलपुर। हिंदू सेवा परिषद के तत्वावधान में आज राष्ट्र एकता और अखंडता के संकल्प को समर्पित एक विशाल अखंड भारत संकल्प मशाल जुलूस का आयोजन किया गया। यह यात्रा ग्राम पिपरिया स्थित पिपरिया मोड़ से प्रारंभ होकर श्री हनुमान मंदिर में भारत माता की भव्य आरती के साथ आगे बढ़ी तथा खमरिया तक अपने गगनभेदी नारों और जनसमूह के उत्साह के साथ संपन्न हुई। इस अवसर पर अतुल जेसवानी, पंकज कुशवाहा, भोला कुशवाहा, गौरव साहू, नितिन सोनपाली, जितेन्द्र कुमार, दस्सू कुशवाहा, कन्नू कुशवाहा सहित बड़ी संख्या में परिषद् पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

हनुमान मंदिर मानेगांव में मनाया गया श्रीकृष्ण जन्मोत्सव

जबलपुर नवभारत। डी डी धाम संकट मोचन दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर मानेगांव रांझी में मनाया गया श्री कृष्ण जन्मोत्सव । मंदिर परिसर में मटकी फोड़ कृष्ण जी की लीलाओं का वर्णन झांकी के रूप में करते हुए नृत्य संगीत का आयोजन क्षेत्रीय बच्चों ने उत्साह पूर्वक मंदिर आचार्य पंडित धीरज कृष्ण शास्त्री मंदिर पुजारी सोमनाथ शुक्ला समिति की महिला मंडल द्वारा किया गया जिसमें मंदिर संस्थापक समाजसेवी सुधीर सोनू दुबे की उपस्थिति में भव्य आयोजन किया गया। महिला समिति की सुधा दुबे, प्रीति शुक्ला, सुनीता सिंह, संगीता सिंह, शोभा तिवारी, माया शर्मा, सुमन शर्मा, खुशबू गुप्ता, अर्चना श्रीवास,मधु वर्मा, रेखा बर्मन, प्रीति, नूपुर शर्मा, महक शर्मा, बीना, करुणा, निर्मल शर्मा, रमेश सिंह,जितेंद्र कुमार, वीरेंद्र श्रीवास, द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया । कार्यक्रम का संचालन दीपू कुमारी ने किया। इसके पश्चात रात्रि 12 बजे कृष्ण जन्मोत्सव का कार्यक्रम कृष्ण जी का अभिषेक दूध, दही, पंचामृत, शहद से किया गया और मंदिर परिसर में केक काटकर धूमधाम से महिलाओं द्वारा नृत्य की प्रस्तुति दी गई।

जेआर गोल्हानी बने जिला अध्यक्ष

▸ एआईएसओ संगठन का पुर्नगठन

जबलपुर, नवभारत। देशभर में पीएसीएल (पर्ल्स) निवेशकों के भुगतान की लड़ाई सड़क से लेकर संसद तक तथा सुप्रीम कोर्ट में विगत 10 वर्षों से निरंतर लड़ रहे एआईएसओ संगठन का निर्धारित कार्यक्रम के चलते रविवार को जबलपुर जिला कमेटी का पुर्नगठन संपन्न हुआ। एआईएसओ संगठन के निरंतर राज्य व जिला स्तरीय कमेटी का पुर्नगठन कार्य चल रहा है उसी क्रम में उपस्थित साथियों की सहमति से जे.आर. गोल्हानी को एआईएसओ जबलपुर जिला अध्यक्ष बनाया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय महासचिव श्याम कुमार सोनी, प्रदेश अध्यक्ष ओपी सिंह, शिवकुमार झारिया, जेपी पटेल,विष्णू शर्मा,मुन्ना लाल पटेल, संजय साहू सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

अशोक उत्कृष्ट शिक्षण के लिए सम्मानित

जबलपुर। स्वतंत्रता दिवस 2025 के शुभ अवसर पर जिला स्तरीय कार्यक्रम में मध्य प्रदेश के उप-मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा के मुख्य आतिथ्य में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिले के विभिन्न विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारी को उत्कृष्ट सेवा के लिए सम्मानित किया गया। इसी तारतम्य में जबलपुर शहर के प्रतिष्ठित

शिक्षाविद एवं ज्योतिर्विद पंडित अशोक कुमार मिश्रा व्याख्याता (संस्कृत) सांदीपनि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मेडिकल जबलपुर को उत्कृष्ट शिक्षण के लिए सम्मानित किया गया। इस अवसर पर एन ई एस एजुकेशन महाविद्यालय के प्रशासक मां तारा देवी परिवार के सक्रिय सदस्य डॉ मनोज यादव, डॉ ममता यादव ,नीलू चौधरी, गणेशन स्वामी, आशीष अहिरवार, कल्याण सोनी आदि उपस्थित रहे।

रत्नेश मिश्रा को उत्कृष्ट शिक्षक सम्मान

जबलपुर। स्वतंत्रता दिवस समारोह 2025 में रत्नेश मिश्रा जनशिक्षक जनशिक्षा केन्द्र तेवर जबलपुर ग्रामीण को उत्कृष्ट कार्य हेतु जिला प्रशासन जबलपुर द्वारा म प्र के उपमुख्यमंत्री माननीय जगदीश देवड़ा के कर

कमलों से प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया।

किशन लाल रावत का निधन

जबलपुर। सिगमा कान्हा, गौर निवासी किशन लाल रावत का 68 वर्ष की आयु में आकस्मिक निधन हो गया है। आप वे अलफ्रेड रावत और गोल्डी रावत के पिता थे। उनकी अंतिम यात्रा आज सुबह 11 बजे निज निवास से मिस्सा पूजा के लिए डिवाइन मर्सी चर्च जायेगी,

कार्यपालन यंत्री ने किया ध्वजारोहण

जबलपुर, नवभारत। लोक निर्माण विभाग संभाग क्रमांक एक पचपेढ़ी के कार्यपालन यंत्री हृदेश आर्य द्वारा कार्यालय प्रांगड़ में ध्वजारोहण किया, समस्त कर्मचारियों की उपस्थिति में राष्ट्रीय गान गाया गया, स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए। वीरों की शौर्य गाथाएं , भारत के विकास पथ पर विचार व्यक्त किए गए। ध्वजारोहण के पश्चात समग्र विकास में सहयोग देने का संकल्प लिया गया। प्रत्येक माह के तीसरे सप्ताह में एक दिवस कार्यभारित स्थापना, श्रमिक, नियमित स्थापना के कर्मचारियों की समस्याओं पर समाधान शिविर कार्यालय प्रांगण में आयोजित करने पर सहमति बनी, कार्यपालन यंत्री हृदेश आर्य ने कहा कि कार्यालय स्तर की समस्याओं का निराकरण त्वरित किया जाएगा। कार्यक्रम में अनुविभागीय अधिकारी हर्ष दोदे,गुप्ता , हरिशंकर दुबे, राजेंद्र त्रिपाठी, अटल उपाध्याय, अखिलेश वर्मा, सुशील गुप्ता, प्रशांत तिवारी, नितिन सेलेट, संजय मजूमदार, अशोक ठाकुर,कमल सिंह सैयाम, वैभव मसीह,ताराचंद्र, मानदाता उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन अटल उपाध्याय ने किया।

तीन दिवसीय कत्थक नृत्य कार्यशाला आयोजित

जबलपुर नवभारत। दत्त मंदिर में तीन दिवसीय कत्थक नृत्य कार्यशाला का आयोजन किया गया ,जिसम जबलपुर, कटनी, सिवनी, सतना, इंदौर, भोपाल, रायगढ, कलकत्ता, बनारस, आदि जगहों से कत्थक सिखने के लिए लगभग 70 बच्चे, नृत्य साधक पहुंचे। त्रिविधा डांस एकादमी की संचालिका गुरू श्रीमती नीलोगी कलत्रे ने बताया कि तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया था जिसमे गुरू पंडित राजेन्द्र गंगानी ने कत्थक नृत्य की बारीकियों ने प्रशिक्षार्थियों को अवगत काराया। कार्यशाला में शामिल बच्चों में भारी उत्साह रहा।

कब्जा नोटिस (अचल संपत्ति हेतु) नियम 8 (1)

क्योंकि अधोहस्ता, आईआईएफएल होम फाइनेंस लिमिटेड (पूर्व में इंडिया इंफोलाइन हाउसिंग फाइनेंस लि.) (आईआईएफएल एचएफएल) के सिक्योरिटाइजेशन एंड रिकंस्ट्रक्शन आफ फाइनेंशियल एसेट्स एंड इंफोर्समेंट ऑफ सिक्योरिटी इंटरेस्ट एक्ट 2002 के तहत व सिक्योरिटी इंटरेस्ट (इंफोर्समेंट) नियम, 2002 के नियम 3 के सहपठित सेक्शन 13 (12) के तहत शक्तियों के पालन में कंपनी के प्रा. अधिकारी के निम्न देनदारों/सह-देनदारों को उक्त नोटिस प्राप्ति तिथि से 60 दिनों के भीतर नोटिस में कथित राशि चुकाने को कहा था. देनदार राशि नहीं चुका सके, अत: देनदारों व जनता को सामान्यतया नोटिस दी जाती है कि अधोहस्ता. ने उक्त नियमों के नियम 8 के सहपठित उक्त एक्ट की सेक्शन 13 (4) के तहत शक्तियों के पालन में निम्न संपत्ति का कब्जा ले लिया है. देनदारों व जनता को संपत्ति से लेनदेन नहीं करने को आगाह किया जाता है व संपत्ति से कोई भी लेनदेन निम्न राशि व उस पर ब्याज हेतु आईआईएफएल एचएफएल की देनदारी के अधीन होगा. देनदारों का ध्यान एक्ट की सेक्शन 13 की सब स्टेशन (8) के प्रावधानों की ओर आमंत्रित है, यदि देनदार ट्रांसफर या बिक्री हेतु तय तिथि से पहले किसीभी समय लागत, वार्ज व खर्चों सहित 'आईआईएफएल एचएफएल' के बकायों को चित्तयल कर देता है तो सिक्योड एसेट को 'आईआईएफएल एचएफएल' द्वारा नही बेचा जाएगा व सिक्योर्ड एसेट की ट्रांसफर या बिक्री हेतु 'आईआईएफएल एचएफएल' द्वारा आगे कोई कदम नहीं उठाया जाएगा.

देनदारों का नाम	सुरक्षित संपत्ति (अचल संपत्ति) का विवरण	कुल बकाया....रु.	डिमांड नोटिस तिथि	कब्जा तिथि
श्री बसंत कुमार, श्री अनुज कुमार बेन्डे, श्री राजेंद्र बेन्डे, श्रीमती शीला (प्रॉस्पेक्ट सं. आईएल10343848)	मकान संख्या 09, पीएच संख्या 42, खसरा संख्या 717, इंगुरिया छपारा, आर.एन.एम. का वह पूरा टुकड़ा छपारा, छपारा, सिवनी, मध्य प्रदेश 480996 भूमि क्षेत्रफल, निर्मित क्षेत्रफल (वर्ग फुट में)- संपत्ति का प्रकार- निर्मित क्षेत्रफल संपत्ति क्षेत्रफल- 2896.00, 2184.00	रु.578253/- (रुपये पांच लाख अट्ठहत्तर हजार दो सौ तिरेपन मात्र)	13-05-2025	13-08-2025
श्री निहाल कोरी, श्री धनश्याम कोरी, श्रीमती पप्पी बाई कोरी (प्रॉस्पेक्ट सं. आईएल10655313)	पटवारी हलका संख्या 17, खसरा संख्या 125 का वह पूरा हिस्सा जो ग्राम घुघरी नवीन, तहसील सिहोरा, जिला जबलपुर, मध्य प्रदेश, भारत, 483222 में स्थित है. भूमि क्षेत्रफल, निर्मित क्षेत्रफल, निर्मित क्षेत्रफल (वर्ग फुट में)- संपत्ति का प्रकार- निर्मित क्षेत्रफल संपत्ति क्षेत्रफल- 900.00, 203.00, 254.00.	रु.350764/- (रुपये तीन लाख पचास हजार सात सौ चौसठ मात्र)	07-05-2025	12-08-2025

विवरण हेतु संपर्क- प्रा. अधिकारी ब्रांच आफिस: 225, नेपियर टाउन, दूसरा माला, अपोजिट चन्द्रिका टॉवर्स, शास्त्री ब्रिज रोड, जबलपुर-482001 या कार्पोरेट ऑफिस- प्लॉट नं. 98, फेस- IV, उद्योग विहार, गुड़गांव, हरियाणा.

स्थान- जबलपुर, दिनांक : 18-8-2025 — प्रा. अधिकारी, कृते आईआईएफएल होम फाइनेंस लिमिटेड